Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

सभी पाठकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष-३० अंक-०५-०६ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ मार्च - ३१ मार्च २०२१ (संयुक्तअंक) पृष्ठ १२ मूल्य:१५ रु.मात्र (रंगीन सहित)

## पश्चिम बंगाल में डर और भय के पुराने दिन आगे नहीं चलने वाले -पीएम मोदी




रे.स.ब्यू./सूत्र। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भाजपा के चुनावी अभियान को धार देते हुए भीतरी बनाम बाहरी के मुद्दे को उछालने को लेकर वाम दलों और तृणमूल कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निशाना साधा। करीब ६० मिनट के संबोधन में उन्होंने कहा, कि कांग्रेस से निकली तृणमूल जैसी पार्टियां भीतरी हैं, तो स्रोत श्यामा प्रसाद मुखर्जी जो भाजपा के प्रेरणा रहे हैं, वह किस आधार पर बाहरी लोगों की पार्टी हो सकती है। कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में रविवार दिनांक ०७.०३.२०२१ को रैली के जरिये पीएम ने कहा, चुनाव में एक तरफ दीदी, लेट कांग्रेस और उनका बंगाल विरोधी रवैया है और दूसरी तरफ खुद बंगाल की जनता कमर कसकर खड़ी हो गई है। ब्रिगेड ग्राउंड में पीएम ने कहा, २०४७ में जब देश आजादी के १०० साल मनाएगा, तब बंगाल पूरे हिंदुस्तान को आगे ले जाने वाला राज्य बन जाएगा। नौका से लेकर खेल, चाय से लेकर पर्यटन तक, माछ से लेकर भात तक वह सब कुछ है बंगाल में, जो जीवन को बेहतर बना सके। बस साफ नीयत के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। पीएम ने कहा, बंगाल में डर और भय के पुराने दिन दो मई से आगे नहीं चलने वाले हैं।

## मुख्यमंत्री योगी ने किया १३१ करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामगढ़ ताल समीप स्थित महंत दिग्विजय नाथ पार्क (नुमाइश ग्राउंड) में ७६.३६ करोड़ रुपये की ६ विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व ५४.२० करोड़ की १६ परियोजनाओं के शिलान्यास के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकास के लिए सुरक्षा जरूरी शर्त है और इसी को ध्यान में रखकर कहीं भी कोई अपराधी समाज के सुरक्षित माहौल में बाधा डालता है तो उसको कुचलने के लिए प्रशासन को खुली छूट दी गई है। उन्हेने कहा कि विकास के संकल्पबद्ध पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए हमारा प्रयास है कि इसमें किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।


आपके डिजिटल विकास के लिए

टेलीकॉम और आईसीटी अवसंरचना का निर्माण करके

रेलटेल – रणनीतिक और महत्वपूर्ण नेटवर्क अवसंरचना सेवाओं में योगदान कर रही है

सेवाएं

• एचडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवाएं • डेटा सेंटर और क्लाउड सेवाएं • रिटेल ब्रॉडबैंड सेवा – रेलवायर
• लीज़्ड लाइन • वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क • वॉइस कैरिज नेटवर्क के लिए एनएलडी • इंटरनेट लीज़्ड लाइन
• कन्सल्टेंसी सेवाएं • सिगनलिंग सेवाएं • टॉवर कोलोकेशन • स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क मैनेजमेंट

परियोजनाएं

• ट्रेनों में कन्टेंट ऑन डिमांड (सीओडी) • वीडियो निगरानी प्रणाली
• वाई.फाई • अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) • एनआईसी ई–ऑफिस का कार्यान्वयन

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

मिनी रत्न (श्रेणी-I) सीपीएसई

• आईएसओ 9001:2015 • आईएसओ/आईईसी 20000.1:2018 • आईएसओ/आईईसी 27001:2013 • सीएमएमआई परिपक्वता स्तर–4

# भारतीय रेलवे के लिए आम बजट २०२१ अभूतपूर्व- पीयूष गोयल

## रेलवे का नया प्रबंधन मंत्र "प्राथमिकता तय करना, संसाधनों का आवंटन और शीघ्र पूर्णता"

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल, वाणिज्य व उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने ०४.०२.२०२१ को आभासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि "आम बजट २०२१ भारतीय रेलवे के लिए ऐतिहासिक रहा है। इसने भारतीय रेलवे में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है।

भारतीय रेलवे के लिए सबसे बड़ा पूंजीगत व्यय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और भारतीय रेलवे को आत्म निर्भर भारत की ओर ले जाने के लिए एक बड़े उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे २०२३ तक १००: विद्युतीकरण, २०३० तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन नेटवर्क, रेलवे का आधुनिकीकरण, टिकट बुकिंग में आसानी, ऑनलाइन माल ढुलाई सेवाओं जैसी बड़ी योजनाओं की ओर बढ़ रही है। इस प्रकार, भारतीय रेलवे फ्यूचर रेडी"नेटवर्क बनने की कगार पर है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के बारे में बात करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि डीएफसी के पूरी तरह से चालू होने और डीएफसीसीआईएल के स्वस्थ लाभ दर्ज की शुरुआत के बाद सार्वजनिक सूचीकरण और क्रमिक विनिवेश द्वारा परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण चरणों में किया जा सकता है। भारतीय रेलवे के प्रबंधन मंत्र पर बोलते हुए गोयल ने कहा कि भारतीय रेलवे का प्रबंधन मंत्र प्राथमिकता निर्धारित करना, संसाधनों का आवंटन और शीघ्र पूर्णता प्रदान करना है।



उन्होंने आगे कहा कि अब नई परियोजनाओं की घोषणा करने के बजाय परियोजनाओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वर्तमान में चल रही ५१३ परियोजनाओं में से रेलवे ने एचडीएन/एचयूएन मार्गों पर क्षमता वृद्धि परियोजनाओं में अतिजोखिम, जोखिम परियोजनाओं, बहु ट्रैकिंग परियोजनाओं, कनेक्टिविटी परियोजनाओं व राष्ट्रीय परियोजनाओं की पहचान की। अगले ४ वर्षों के लिए धन आवंटन और लक्ष्य की योजना बनाई गई है। सभी अतिजोखिम परियोजनाएं मार्च २०२२ तक पूरी हो जाएंगी और अन्य मार्च २०२४ तक पूरी हो जाएंगी। यह ध्यान दिया जा सकता है कि भारतीय रेलवे के पास अब तक का अधिकतम कुल योजनागत पूंजीगत व्यय इस साल २,१५,०५८ करोड़ रुपये है, जिनमें आंतरिक संसाधनों से ७,५०० करोड़ रुपये, अतिरिक्त बजटीय संसाधनो से १,००, २५८ करोड़ और आम बजट में पूंजीगत व्यय आवंटन के लिए १,०७,१०० करोड़ रुपये शामिल हैं। भारतीय रेलवे ने १,१०,०५५ करोड़ रुपये का रेकॉर्ड परिव्यय प्राप्त किया, जिसमें से १,०७,१०० करोड़ रुपये संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट २०२१-२२ में पूंजीगत व्यय के लिए हैं।

सकल बजटीय आवंटन बीई २०२०-२१ की तुलना में ३७,०५० करोड़ (५३%) अधिक है। कोविड के बावजूद, यह भारतीय रेलवे में आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए की जा रही प्रगति का उल्लेखनीय संकेत है। पूंजीगत व्यय में इस वृद्धि के साथ, भारतीय रेलवे भारतीय अर्थव्यवस्था का चालक होगा। वार्षिक योजना २०२१-२२ का जोर बुनियादी ढांचे के विकास पर है, जिसमें वृद्धि, टर्मिनल सुविधाओं का विकास, रेलगाड़ियों की गति में वृद्धि, सिग्नल प्रणाली, यात्रियों / उपयोगकर्ताओं की सुविधाओं में सुधार, पुल के ऊपर या नीचे सड़क सुरक्षा कार्य आदि शामिल हैं।

### कोविड-१६: भारत ने १५० देशों को पहुंचाई मदद - रेल मंत्री

रे.स.ब्यू./सूत्र। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने आंध्रप्रदेश के तिरुपति में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कोविड-१६ संकट के दौरान दुनिया की मदद का सर्वोत्तम प्रयास किया है। इस दौरान १५० से ज्यादा देशों को मदद पहुंचाई गई। तिरुमला में भगवान वेंकटेश के दर्शन करने के बाद पीयूष गोयल ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि महामारी के दौरान भारत किसी पर निर्भर नहीं रहा, बल्कि उसने संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भर की मदद की है और इसके बाद में ७५ से ज्यादा देशों को भारत से कोविड-१६ के टीके की आपूर्ति की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया कई रेल परियोजनाओं का उद्घाटन



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डनलप एस्टेट विलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए दिनांक २२.०२.२०२१ को कई रेल परियोजनाओं का उद्घाटन किया। बतादें कि २०२१-२०२२ के केंद्रीय बजट में पश्चिम बंगाल के लिए ६६३६ करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है जो २००६-२०१४ के औसत बजट आवंटन (४३८० करोड़ रुपये प्रति वर्ष) से ५२ प्रतिशत अधिक धनराशि है। वहीं इन परियोजनाओं में नवापाड़ा से मेट्रो रेलवे के दक्षिणेश्वर तक बहुप्रतीक्षित रेल खंड के विस्तार का उद्घाटन किया गया और पहली सेवा को प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नवापाड़ा से दक्षिणेश्वर तक ४.१ किलोमीटर के विस्तार का निर्माण ४६४ करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, यह पूरी तरह भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित है। इस विस्तारित खंड से शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को तेज, आसान, ट्रैफिक सबंधी जाम से दूर प्रदूषण मुक्त यात्रा मुहैया होगी। हावड़ा, हुगली और उत्तर २४ परगना से आने वाले करीब ५०,००० दैनिक यात्रियों को इस विस्तार से लाभ मिलेगा। पूर्व रेलवे की हावड़ा-बर्धमान मेन लाइन, कॉर्ड लाइन, हावड़ा कटवा लाइन और हावड़ा -तारकेश्वर ब्रांच लाइन के यात्री महज बैली ब्रिज पार करके मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। भारतीय सांख्यिकी संस्थान के बड़नगर परिसर, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के छात्रों, प्रोफेसरों और विदेशी विद्वानों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस विस्तारित खंड पर निर्मित बड़नगर और दक्षिणेश्वर स्टेशन पूर्व रेलवे के बड़नगर और दक्षिणेश्वर स्टेशनों और उत्तर २४ परगना जिले के प्रवेश द्वार बेलघोरिया एक्सप्रेसवे के निकट हैं । इस विस्तार से लाखों पर्यटक और श्रद्धालु मेट्रो द्वारा कालीघाट और दक्षिणेश्वर के दो विश्व प्रसिद्ध काली मंदिरों में आसानी से दर्शन कर सकेंगे। सड़क से ढाई घंटे की तुलना में मेट्रो द्वारा दक्षिणेश्वर से कविसुभाष (न्यू गरिया) तक आने-जाने में मात्र ६२ मिनट का समय लगेगा। बड़नगर और दक्षिणेश्वर में दो नवनिर्मित स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं जैसे लिफ्ट, एस्केलेटर, शौचालय, बैठने की कुर्सियां और अग्निशमन सुविधाओं, भूकंप निगरानी और बिजली सुरक्षा प्रणाली आदि जैसी विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं से परिपूर्ण हैं। इन दोनों स्टेशनों को सौंदर्य की दृष्टि से चित्र, तस्वीरों, मूर्तियों द्वारा डिजाइन किया गया और सजाया गया है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण पूर्व रेलवे के १३२ किलोमीटर लंबे खड़गपुर-आदित्यपुर थर्ड लाइन प्रोजेक्ट के कलाईकुंडा और झारग्राम (३० किमी) के बीच तीसरी लाइन का भी उद्घाटन किया, जिसे १३१२ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मंजूरी दी गई। यह परियोजना पश्चिम बंगाल में ५५ किलोमीटर और झारखंड में ७७ किलोमीटर को कवर करती है। २०२१-२२ के बजट में इस परियोजना के लिए २२५ करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। कलाईकुंडा और झारग्राम के बीच ५ बड़े पुल और ४३ छोटे पुल हैं। कलाईकुंडा और झारग्राम के बीच चार स्टेशनों को मौजूदा बुनियादी ढांचे के नवीकरण के साथ ४ नए स्टेशन भवनों, ६ नए फुट ओवर ब्रिज और ११ नए प्लेटफार्मों का निर्माण कर पुनर्विकसित किया गया है। इस तीसरी लाइन के चालू होने से खड़गपुर-आदित्यपुर सेक्शन में आवागमन में सुधार होगा और हावड़ा-मुंबई ट्रंक रूट पर यात्री और मालगाड़ियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी । इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने २३६.३८ करोड़ रुपये की परियोजना लागत से अजीमगंज खगड़ाघाट रोड सेक्शन के दोहरीकरण का भी लोकार्पण किया।

# मंडल रेल प्रबंधक झांसी ने किया झाँसी-भीमसेन रेल खंड का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र. झाँसी। मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर द्वारा झाँसी -कानपुर रेल खंड के निरीक्षण के अंतर्गत मलासा-चौराह खंड का दौरा किया गया। दिनाँक २६.०२.२० को माथुर द्वारा निरीक्षण के दौरान खंड में आने वाले स्टेशनों के सर्कुलेटिंग क्षेत्र, अप्रोच रोड तथा स्टेशन बिल्डिंग का भी सघन निरीक्षण किया तथा खंड में यात्री सुविधाओं से जुड़े महतवपूर्ण विकास कार्य जैसे पैदल पुल आदि पर सम्बंधित अधिकारीयों के साथ विचार विमर्श किया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा चल रहे विकास कार्यो को समय सीमा के अन्दर पूर्ण करने के निर्देश दिए। दौरे में मलासा-चौराह तथा सर्सौकी-उरई डबलिंग फेज का निरीक्षण किया तथा विकासशील कार्यो की समीक्षा भी की गइ।

निरीक्षण के दौरान मुख्य परियोजना प्रबंधक के के तलरेजा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य) भुवनेश सिंह, वरिष्ठ मंडल सिग्नल अभियंता आशीष सैनी सहित अन्य अधिकारीगण और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# विद्युतीकरण की दिशा में उत्तर मध्य रेलवे के बढ़ते कदम

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारतीय रेल अपने पूरे नेटवर्क के १००% विद्युतीकरण के लक्ष्य से तीव्र गति से कार्य कर रही है। उत्तर मध्य रेलवे जो भारतीय रेल के महत्वपूर्ण घटक के रूप में राष्ट्र के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों को उत्तरी भाग तक महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करती है, अपने खंडों के विद्युतीकरण के लिए तीव्र गति से प्रयासरत है। बतादें कि उत्तर मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण ट्रंक मार्ग पहले से ही विद्युतीकृत हैं, और इन के अलावा, शाखा लाइनों पर शेष खंडों को भी तीव्र गति से विद्युतीकृत किया जा रहा है। १००% विद्युतीकरण के इस लक्ष्य को हासिल करने के क्रम में, उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के भंडई- उड़ी मोड़-इटावा सिंगल लाइन सेक्शन को २५ केवी, एसी सिंगल फेज, ५० हर्ट्ज पर ओएचई को ऊर्जीत करने के क्रम में दिनांक २७.०२.२१ को ईआईजी स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

# यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की बिक्री

पत्र.सू.का/ नईदिल्ली। टिकट काउंटरों पर भीड़ भाड़ कम करने और सामाजिक दूरी के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की बिक्री की सेवा शुरू की जा रही है। रेलवे अनारक्षित रेल सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से शुरू करने की तैयारी में है। यात्रियों द्वारा अनारक्षित टिकटों के लिए की जाने वाली बुकिंग में उन्हें असुविधा से बचाने और टिकट काउंटरों पर सामाजिक दूरी के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला किया गया है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप सुविधा उपनगरीय खंडों में उपलब्ध कराई जाएगी। इस सुविधा को रेल मंडलों के गैर उपनगरीय क्षेत्रें में भी फिर से शुरू किए जाने की संभावना है। सभी रेल मंडलों को यह निर्देश दिया गया है कि जब भी अनारक्षित रेल सेवाएं शुरू की जाएं, संबंधित रेल मंडल अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप सुविधा को सक्रिय करें।

# महिला आयोग की सदस्य ने सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्यायें

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य,अनीता सिंह ने बुधवार दिनांक १७.०२.२०२१ को सर्किट हाउस में पीड़ित महिलाओं की समस्यायें सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं की शिकायतो को पूरी गम्भीरता से लिया जाय, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जायेगी। जनसुनवाई के उपरांत सदस्य ने नैनी जेल एवं राजकीय बाल शिशु गृह का भी निरीक्षण किया व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# रेल सुरक्षा बल के सुरक्षाकर्मियों को लगा कोविड का टीका

रे.स.ब्यू./सूत्र. झाँसी। चिकित्सा विभाग द्वारा मंडल रेल चिकित्सालय, झाँसी में कोविड टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिनांक २२.०२.२०२१ को आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल के फ्रंटलाइन स्टाफ में रेल सुरक्षा बल के १३५ सुरक्षाकर्मियों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण अभियान में कुल १३७ कर्मचारियों का टीकाकरण हुआ जिसमें १३५ रेल सुरक्षा बल तथा ०२ स्वास्थ्यकर्मी सम्मिलित रहे। बता दें कि मंडल रेल चिकित्सालय, झाँसी में कोरोना योद्धाओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड के विरूद्ध प्रतिरोधात्मक क्षमता विकसित करने हेतु रेलवे चिकित्सालय मे क्रमवार टीकाकरण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

जिन लोगो को टीका लगाया गया है, उनको टीके का अगला डोज नियमानुसार नियत तिथि पर लगाया जाएगा। अभी तक मंडल के कुल ४४८ कर्मचारियों को टीका लगाया जा चुका है। टीका लगाए गए किसी भी व्यक्ति मे किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पाया गया।

# ३१ मार्च तक बंद रहेगी अजमेर-सियालदह, महानंदा एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./सूत्र। मार्च के पूरे महीने तक रेलवे ने कानपुर से होकर चलने वाली अजमेर सियालदह एक्सप्रेस और महानंदा एक्सप्रेस का निरस्तीकरण बढ़ा दिया है। ट्रेन नंबर ०२६८८ अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस एक से ३१ मार्च तक, ट्रेन नंबर ०२६८७ सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस दो मार्च से एक अप्रैल तक बंद रहेगी।

ट्रेन नंबर ०५४८३ अलीपुरद्वार-दिल्ली महानंदा एक्सप्रेस एक से ३१ मार्च और वापसी में यह ट्रेन ०५४८४ महानंदा एक्सप्रेस तीन मार्च से दो अप्रैल तक बंद रहेगी।

# अयोध्या स्टेशन पर दो फेज में होगा विकास कार्य-महाप्रबंधक आशुतोष गंगल



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल दिनांक २७.०२.२०२१ को फैजाबाद तक रूट व स्टेशनों का निरीक्षण करने के बाद लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि अयोध्या स्टेशन पर दो फेज में विकास होगा। पहले फेज का काम जून तक पूरा होगा। दूसरे फेज के लिए राज्य सरकार से जमीन मांगी जा रही है। निरीक्षण के दौरान दरियाबाद से बाराबंकी रूट पर १२० किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन को दौड़ाकर स्पीड ट्रायल भी किया गया। उन्होने बताया कि लखनऊ से फैजाबाद के बीच डबलिंग का काम तेजी से चल रहा है। जौनपुर से बाराबंकी के बीच डबलिंग का काम दिसंबर २०२३ तक पूरा होगा। वहीं पैसेंजर गाड़ियों के संचालन को लेकर महाप्रबंधक ने बताया कि अभी ३६ गाड़ियां चल रही हैं। जल्द ही इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। वहीं रेलवे की पांच कॉलोनियों को खाली कराकर उनका व्यावसायिक इस्तेमाल होगा। महाप्रबंधक ने मंडलीय चिकित्सालय का निरीक्षण कर अत्याधुनिक एंबुलेंस व सीटी स्कैन मशीन का भी लोकार्पण किया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला रेलकर्मियों को सम्मानित भी किया।

# अब यूटीएस के माध्यम से ले सकेंगे रेलयात्री जनरल टिकट

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन के कारण लंबे समय से बंद यूटीएस आन योर मोबाइल सेवा एक मार्च से शुरू हो गई है। जिससे अब रेल यात्री मोबाइल पर भी जनरल टिकट की सुविधा का लाभ उठा पाएंगे। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार स्मार्ट मोबाइल फोन पर प्ले स्टोर से यूटीएस आन मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करके यात्री इसके बाद अपना मोबाइल नंबर डालकर खुद से रजिस्टर कर सकते हैं, जिसके बाद आर-वॉलेट को रिचार्ज करके यात्री यूटीएस एप्लीकेशन में लॉगिन करने के बाद पेमेंट कर उनको टिकट मोबाइल पर ही प्राप्त हो जाएगा।

# एसजीपीजीआई में शुरू हुई ओपीडी

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। एसजीपीजीआई में ओपीडी पूरी तरह से दिनांकः सोमवार ०१.०३.२०२१ से चालू कर दी गई है, जिसके बाद अब बिना कोरोना की जांच वाले मरीजों को भी देखा जाएगा। वहीं अब अनिवार्य रूप से मरीजों और उनके तीमारदारों को मास्क पहनना होगा वहीं बिना मास्क वालों को न्यू ओपीडी में प्रवेश नहीं मिलेगा। सीएमएस प्रो. सोनिया नित्यानंद ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि सो'ाल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाएगा। गेट से प्रवेश करने वालों को सैनिटाइजर का इस्तेमाल करना होगा।

## सम्पादकीय

# लुका छिपी का खेल करता वायरस

देश में कोरोना वैक्सीन के इस्तेमाल को सशर्त मंजूरी मिले एक महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है। हालांकि टीकाकरण अभियान की शुरुआत १६ जनवरी से हुई, फिर भी भारत सबसे ज्यादा तेजी से ४० लाख लोगों को टीका देने वाला देश बन गया है। इस बीच टीके के मोर्चे पर कुछ और उत्साह बढ़ाने वाली खबरें आई हैं। भारत में दिए जा रहे टीके कोविशील्ड और कोवैक्सिन सस्ते तो हैं, लेकिन उनकी कार्यकुशलता को लेकर अभी कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है। टीके का दूसरा डोज पूरी तरह पड़ जाने के बाद ही जाना जा सकेगा कि जमीनी तौर पर ये कितने कारगर साबित हुआ है। हालांकि कोरोना के नए मामलों की संख्या में कमी से फिलहाल थोड़ी राहत जरूर है। यह राहत देश ही नहीं, दुनिया के स्तर पर भी दिख रही है लेकिन इस वायरस के प्रकोप की लहर पीछे जाकर दोबारा ज्यादा वेग से लौटने के कई उदाहरण पेश कर चुकी है। भले ऐसा लगे कि अब तो कई सारे टीके आ गए हैं और नए मामलों की संख्या भी कम हो गई है, पर इसके पलटवार की संभावना अभी ज्यों की त्यों है। इसीलिए इस बीमारी का सफाया होने तक न तो इससे लड़ाई में कोई ढील बरती जा सकती है, न ही बचाव से जुड़ी सावधानियां कम करने का जोखिम उठाया जा सकता है। ताजा मामला ब्रिटेन का है जहां न केवल कोरोना के मामले बिल्कुल नीचे जाने के बाद अचानक बढ़ गए बल्कि वायरस के एक नए रूप का आतंक वहां कोरोना की शुरुआत से भी ज्यादा दिखाई पड़ रहा है। साफ है कि इस वायरस ने इंसानों के साथ लुकाछुपी का जो खेल शुरू किया है उसका तुरत-फुरत निपटारा मुश्किल है।

# भारतीय रेल २०३० तक दुनिया की पहली प्रदूषण मुक्त रेल बन जाएगी-पीयूष गोयल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल,वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, पीयूष गोयल ने दिनांक १६.०२.२०२१ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संतरागाछी में दूसरे फुट ओवर ब्रिज, संकरेल (फेज-१) में फ्रेट टर्मिनल और हावड़ा में विवेकानंद ध्यान केंद्र का उद्घाटन किया तथा सियालदह स्टेशन पर एक एक्जीक्यूटिव लॉउंज, सियालदह स्टेशन पर २ एस्केलेटर,२ लिफ्ट और कोलकाता स्टेशन पर प्रीमियम लाउंज व बर्धमान स्टेशन पर एकीकृत सुरक्षा प्रणाली, झामतपुर बहारन व नीमो स्टेशनों पर पैदल पार पथ, बालागढ़ व गुप्तीपारा स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म का विस्तार, बर्धमान, तारकेश्वर व नबाद्वीप धाम स्टेशनों पर एस्केलेटर को राष्ट्र को समर्पित किया। कार्यक्रम मे अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने निमतिता स्टेशन पर हुई दुखद घटना के लिए शोक प्रकट किया। उन्होंने इस दुखद घटना में घायल व्यक्ति के जल्द सुधार की कामना की। उन्होंने कहा कि आज कई परियोजनाओं विशेष रूप से संकरेल फ्रेट टर्मिनल का उद्घाटन किया गया, जिसमें आठ पूर्ण विद्युतीकृत लाइनें शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि आज, देश के सभी ८,५०० स्टेशन स्वच्छ हैं। सभी स्टेशन मास्टरों को स्टेशनों की स्वच्छता और सफाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दे दी गई है। देश भर में रेलवे का विद्युतीकरण किया जा रहा है और २०३० तक भारतीय रेल दुनिया की पहली प्रदूषण मुक्त रेल बन जाएगी।

# जे. रामालक्ष्मी ने जीता सीनियर नेशनल पावर लिफ्टिंग चैम्पिनशिप में गोल्ड मेडल



रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर कोयंबटूर में पावर लिफ्टिंग इंडिया द्वारा सीनियर नेशनल पावर लिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन दिनांक १७ से २१ फरवरी २०२१ को किया गया था। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की दो महिला खिलाडियो का चयन भारतीय रेल टीम की ओर से किया गया। जिसमें जे. रामालक्ष्मी ५६ किलोग्राम तथा सन्तोषी मांझी ६३ किलोग्राम वर्ग समूह में चयन किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान ५६ किलोग्राम वर्ग समुह में जे. रामालक्ष्मी ने स्कॉट १७५ किलोग्राम, बेंच प्रेस ११५ किलोग्राम तथा डेड लिफ्ट १६७.५ किलोग्राम उठाकर कुल ४५७.५ किलोग्राम वजन उठाकर अपने वजन वर्ग समूह में स्वर्ग पदक प्राप्त किया। दोनों महिला खिलाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में कार्यरत है।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया धौलपुर-झाँसी रेलखंड का वार्षिक निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र.झाँसी। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षओं के साथ दिनांक १६.०२. २०२१ का झाँसी मंडल का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल के धौलपुर-झाँसी रेल खंड का निरीक्षण किया गया। धौलपुर से प्रारंभ होकर निरीक्षण के दौरान निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से ट्रैक का निरीक्षण किया गया, साथ ही मेजर कर्व, चंबल ब्रिज लेवल क्रॉसिंग, गैंग, तीन स्टेशनों (मुरैना, ग्वालियर एवं दतिया) यार्ड, टर्न ऑउट, यूएसएफडी टीम, स्पीड ट्रायल आदि का सघन निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने दतिया स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया,तथा अन्य व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया एवं उचित दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही त्रिपाठी द्वारा तीसरी लाइन तथा बन रहे नए स्टेशन बिल्डिंग के कार्य को भी देखा। निरीक्षण के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यसक्ष, मण्डल रेल प्रबंधक झाँसी संदीप माथुर एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन का मंडलीय पुष्प प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल द्वारा आयोजित वार्षिक "पुष्प प्रदर्शनी एवं शाक-भाजी प्रतियोगिता वर्ष २०२१" में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज ने विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभाग किया। यह वार्षिक प्रदर्शनी दिनांक २०व२१ फरवरी, २०२१ को चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष रचना सिंह ने श्रेष्ठ रसोई उद्यान में प्रथम एवं श्रेष्ठ गुलाब वाटिका में प्रतिभाग करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने श्रेष्ठ लॉन कैटेगरी में प्रथम एवं श्रेष्ठ उद्यान में भाग लेते हुए द्वितीय स्थापन प्राप्त किया। इस प्रकार केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज को कुल तीन शील्ड एवं चार प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। वहीं केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के महिला कल्यावण संगठन की अध्यक्षा रचना सिंह की रचनात्माकता भी रंग लाई।

# इरकॉन द्वारा की जा रही परियोजनाओं की हुई समीक्षा




रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चन्द्र त्रिवेदी द्वारा महेन्द्रूघाट, पटना स्थित सम्मेलन कक्ष में १६.०२. २०२१ को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में इरकॉन द्वारा पूरी की जा रही पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में इरकॉन के निदेशक (प्रोजेक्ट) योगेश मिश्र, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अशोक महेश्वरी, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण (उत्तर) देशरत्न गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) दिनेश कुमार सहित पूर्व मध्य रेल तथा इरकॉन के अन्य वरिष्ठ उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।


महाप्रबंधक ललित चन्द्र त्रिवेदी ने इरकॉन द्वारा पूरी की जा रही पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि सभी निर्माण परियोजनाएं निर्धारित समय पर पूरी की जाए।

# पूर्णागिरी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के सुविधा को चली जनशताब्दी ट्रेन




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय रेल, वाणिज्य तथा उद्योग, उपभोक्ता कार्य तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से टनकपुर-दिल्ली जेएन स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक एवं अन्य गणमान्य लोग आयोजन स्थल पर मौजूद थे। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने कहा कि नए आधुनिक, सुरक्षित, एलएचबी कोच वाली पूर्णागिरी जनशताब्दी ट्रेन शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। यह ट्रेन टनकपुर को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ेगी और क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक विकास लाएगी। पूर्णागिरी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्री बेहतर कनेक्टिविटी से लाभान्वित होंगे। यह ट्रेन (संख्या ०५३२५) टनकपुर -दिल्ली पूर्णागिरी जन शताब्दी एक्सप्रेस दैनिक स्पेशल ट्रेन टनकपुर से ११.२५ बजे रवाना होकर २१.३५ बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी और (संख्या ०५३२६) दिल्ली जंक्शन- टनकपुर पूर्णागिरी जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली से ०६.१० बजे रवाना होकर १६.१० बजे टनकपुर पहुंचेगी। जिसका ठहराव बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, विशारतगंज, आनौला, करंगी, दफ्तरा, आसफपुर, चंदौसी, राजा का सहसपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, सिमभौली, हापुड़, पिलखुवा, गाजियाबाद, साहिबाबाद, दिल्ली शाहदरा स्टेशनों पर होगा।

# लंबे समय बाद फिर पटरी पर दौड़ी कानपुर के लिए इंटरसिटी




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज संगम से कानपुर के लिए इंटरसिटी ट्रेन का ११ महीने बाद शुक्रवार दिनांक २६.०२.२०२१ को संचालन शुरू हुआ। कोविड संक्रमण के बीच लॉकडाउन लगने के बाद से ट्रेनों का संचालन बंद हो गया था। वहीं कई ट्रेनों का संचालन संक्रमण का खतरा कम होने के बाद शुरू किया गया लेकिन उनमें इंटरसिटी शामिल नहीं रही। इसके अलावा इन ट्रेनों में भी यात्रा के लिए टिकट की बुकिंग करानी पड़ती है। ताकि, सीट से अधिक यात्री सवार न होने पाएं। वहीं इंटरसिटी ट्रेन चलाने के साथ टिकट बुक कराने की पाबंदी हटाने की भी शुरुआत हुई।

# सिग्नल व टेलीकॉम विभाग के पूर्व रेलवे अफसरों के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर ईडी ने शुरू की जांच


रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। आय से अधिक मामले व टेंडर के नाम पर रिश्वत लेने के आरोपी दो पूर्व रेलवे अफसरों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है। बतादें कि मामले का खुलासा दो साल पहले हुआ था जिसमें सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार भी किया था। अब ईडी ने भी इस मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी अफसरों में प्रयागराज मंडल के सिग्नल व टेलीकॉम विभाग में तैनात रहे दो वरिष्ठ अफसर शामिल हैं। टेंडर के लिए रिश्वत लेने के मामले में मार्च २०१६ को दोनों अफसरों को सीबीआई ने शहर आकर गिरफ्तार किया था। प्रयागराज मंडल में मार्च २०१७ को रेल ओवर ब्रिज गेट से संबंधित कार्य के लिए लूकरगंज की मेसर्स शार्प इंटरप्राइजेज को १.४३ करोड़ रुपये का ठेका मिला था। करीब दो साल बाद फर्म की ओर से सीबीआई की विशेष अपराध शाखा में शिकायत दर्ज कराई गई थी और आरोप लगाया गया कि आरोपी दोनों अफसरों ने कर्मचारियों पर दबाव डालकर फर्म के खाते में १२ लाख रुपये का भुगतान बिना कार्य कराए ही करा दिया और कार्य हुए बिना ही इसकी इंट्री एम.बी में कर दी और टेंडर रद्द करने की धमकी देकर फर्म के प्रोपराइटर रविंद्र कुमार चौधरी से जबरन दस्तखत भी करा लिए थे।

# महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने किया आगरा मंडल का वार्षिक निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षओं की टीम के साथ दिनांक २६.०२.२०२१ को आगरा मंडल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडल के अलवर-मथुरा रेल खंड का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत ब्रिज नगर स्टेशन पर फायर अलार्म सिस्टम का शुभारम्भ करने के साथ ही विनय कुमार त्रिपाठी ने रिले रूम, प्वाइंट नं. २६६ बी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग में रामगढ़-ब्रिज नगर खण्ड में स्पीड ट्रायल कर ट्रैक की राइडिंग गुणवत्ता और संरक्षा संबंधी सभी मुद्दों को गहराई से परखा गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने मथुरा-अलवर खण्ड के रेल मार्ग के रेल पथ, प्वाइंटों, सिग्नल प्रणाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख/मुख्य विभागाध्यक्ष एवं आगरा मंडल के सभी शाखा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा एक दिन में सर्वाधिक वैगनों से लोडिंग करने की नई उपलब्धि की दर्ज



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित प्रयासों से कोरोनाकाल की चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सर्वाधिक लदान करने वाले मंडलों में से एक होने के खिताब एवं परंपरा को बरकरार रखने की ओर अग्रसर है। दिनांक २४ फरवरी, २०२१ को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस वित्तीय वर्ष में एक दिन में सर्वाधिक वैगनों से लोडिंग करने की नई उपलब्धि हासिल की गई। २४ फरवरी को एक ही दिन में १००२३ वैगनों का उपयोग कर माल लदान किया गया। इस अवधि में लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान, रासायनिक खाद, खनिज तेल एवं स्टील कारखानो के लिए कच्चे माल आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है। महाप्रबंधक, द्वारा अपने सभी कर्मचारियो एवं अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दी।

# हिंदी के विकास में तकनीकी कौशल है जरूरी

रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर में भंडार विभाग के कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन हुआ। दिनांक २६.०२.२०२१ को हुए इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अशोक कुमार श्रीवास्तव, वरि. राजभाषा अधिकारी ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में कार्यशालाओं का महत्वपूर्ण स्थान ह। इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार के राजभाषा नीति संबंधी प्रमुख निर्देशों का उल्लेख किया और बताया कि राजभाषा में कार्य करने के लिए नीति-नियमों को जानना जरूरी है। कार्यशाला में भंडार विभाग के शंभू कुमार, निशी कुमारी, ममता, प्रियंका कुमारी, सत्य प्रकाश, नवीन कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह आदि कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मंडुआडीह से प्रयागराज तक बुलेट ट्रेन की तैयारी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद स्थित मंडुआडीह-प्रयागराज रूट पर केंद्र सरकार की योजनाओं में शामिल हाई स्पीड बुलेट ट्रेन और मेट्रो रेल के संचालन की कवायद शुरू हो गई। रविवार दिनांक २८.०२.२०२१ को हाई स्पीड रेल विकास लिमिटेड के कर्मचारियों ने भदोही जनपद के औराई और ज्ञानपुर तहसील क्षेत्र के गांवों का सर्वे किया।

# जबलपुर-चांदफोर्ट के बीच में नई रेलगाड़ी के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा-पीयूष गोयल




पत्र.सू.का/नई दिल्ली। जबलपुर-चांदफोर्ट विशेष रेल गाड़ी को केंद्रीय रेल वाणिज्य एवं उद्योग उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिनांक ०८.०३.२०२१ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और मध्य प्रदेश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कई रेल परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और अन्य गणमान्य व्यक्ति आयोजन स्थल पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि महत्वपूर्ण परियोजनाएं आज के इस विशेष दिन पर शुरू की जा रही हैं और राष्ट्र को समर्पित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आज के दिन झांसी और ग्वालियर के बीच एक विशेष रेलगाड़ी का परिचालन किया गया जिसमें चालक दल के सभी सदस्य महिलाएं थीं।उन्होंने कहा कि जबलपुर-चांदफोर्ट के बीच में नई रेलगाड़ी के शुरू होने से इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और संपर्क में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारतीय रेलवे नेटवर्क को और विस्तार देने के प्रति विशेष रूचि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बीते ७ वर्षों में मध्य प्रदेश के लिए बड़ी संख्या में परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए धन का भी आवंटन सुनिश्चित किया।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# भारतीय रेल ने ई-एप्लिकेशन के माध्यम से संविदा कर्मियों को न्यूनतम पारिश्रमिक का भुगतान किया सुनिश्चित



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के श्रमिकों का हित सुनिश्चित करने के लिए श्रमिक कल्याण ई-एप्लीकेशन विकसित किया गया जिसे १ अक्टूबर, २०१८ को लागू किया गया। ई-एप्लीकेशन न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करता है और यह भी सुनिश्चित करता है कि इस ई-एप्लीकेशन पर रेलवे में काम करने वाले संविदा कर्मियों को किए जाने वाले भुगतान का विवरण ठेकेदार नियमित रूप से अपलोड करें। यह प्रक्रिया संविदा कर्मियों को ठेकेदारों द्वारा किए जाने वाले भुगतान पर नजर रखने में भारतीय रेलवे की मदद करती है क्योंकि रेलवे ही प्राथमिक रोजगार प्रदाता है। ६ मार्च, २०२१ तक ई-पोर्टल पर कुल १५,८१२ ठेकेदारों और ३,८१,८३१ संविदा कर्मियों का पंजीकरण हो चुका है। इसके अलावा भारतीय रेलवे के अंतर्गत इस पोर्टल पर ४८,३१२ लेटर आफ एक्सेप्टेंस के साथ-साथ कुल ६ करोड कार्य दिवसों और ३४६५ करोड रुपए से अधिक की मजदूरी के भुगतान का भी पंजीकरण हुआ। यह सुनिश्चित करने के लिए संविदा शर्तो में आवश्यक और निश्चित बदलाव किए गए हैं।


ई-एप्लीकेशन पोर्टल पर संविदा कर्मियों का पहचान पत्र (आईडी) बनाए जाने का भी प्रावधान उपलब्ध है। साथ ही साथ उन्हें अदा की जाने वाली मजदूरी और ईपीएफ तथा ईएसआईसी में किए गए योगदान संबंधी एसएमएस भी समय-समय पर उन्हें भेजा जाना अनिवार्य है।

# महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने किया कानपुर मेमू शेड का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कानपुर नए मेमू शेड का महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने दिनांक ०६ मार्च को नए मेमू शेड का निरीक्षण किया। इस अवसर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल मोहित चंद्रा एवं मुख्य बिजली सर्विस इंजीनियर आशुतोष कुमार सहित मंडल के शाखाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस नए शेड में मासिक रूप से ३० मेमू के अनुरक्षण की क्षमता होगी। इस मेमू शेड मे कार्य प्रारंभ करने से उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल एवं झांसी मंडल में परिचालनरत अधिकांश परंपरागत यात्री सवारी गाड़ियोंको मेमू से बदलना संभव हो सकेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सर्विस शेड में सामानों के मूवमेंट के लिए क्रेनों को लगाने के निर्देश दिए।

बता दें कि इस मेमू शेड को रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है।



# केन्द्रीय बजट २०२१-२२ में रेलवे के लिए रिकॉर्ड १,१०,०५५ करोड़ रुपये परिव्यय की योजना



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय वित्त एवं क रपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिनांक ०१.०२.२०२१ को संसद में केन्द्रीय बजट २०२१-२२ पेश करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के लिए रिकॉर्ड १,१०,०५५ करोड़ रुपये के परिव्यय को स्वीकृत किया गया है जिसमें से १,०७,१०० करोड़ रुपये पूंजीगत निवेश के लिए दिए जाएंगे। भारतीय रेलवे ने इंडिया-२०३० के लिए राष्ट्रीय रेल योजना तैयार की है। इसके जरिए भारतीय रेल प्रणाली को २०३० तक भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने में हमारे उद्योग जगत की सहायता के लिए मालढुलाई की लागत में कमी लाई जाएगी। वित्तमंत्री ने कहा कि जून २०२२ तक पश्चिमी समर्पित मालढुलाई गलियारा (डीएफसी) और पूर्वी समर्पित मालढुलाई गलियारे की शुरुआत हो जाएगी। वित्त मंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि रेलवे को बेहतर बनाने के लिए कई और उपाय किए जाएंगे जिनमें पूर्वी मालढुलाई गलियारे के सोनानगर गोमोह खंड (२६३.७किलोमीटर) को सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत २०२१-२२ तक शुरु किया जाएगा। २७४.३ किलोमीटर का गोमोह –दनकुनी खंड भी कुछ समय के बाद प्रारंभ हो जाएगा। भविष्य के लिए समर्पित कई मालढुलाई गलियारे शुरु होंगे। इनमें से पूर्वी तटीय गलियारा खड़गपुर से विजयवाड़ा तक, पूर्वी-पश्चिमी गलियारा भुसावल से खड़गपुर होते हुए दनकुनी तक जाएगा तथा उत्तरी-दक्षिणी गलियारा इटारसी से विजयवाड़ा तक होगा। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पहले चरण में प्रस्तुत की जाएगी। दिसंबर, २०२३ तक ब्र डगेज रेलमार्गो का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण कर दिया जाएगा।

२०२१ के अंत तक ७२ प्रतिशत लगभग ४६ हजार ब्रॉडगेज रुट किलोमीटर-आरकेएम के विद्युती- करण का काम पूरा कर लिया जाएगा। पहली अक्टूबर, २०२० तक ४१,५४८ ब्रॉडगेज रुट किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही सीतारमण ने रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई उपायों की घोषणा की जिनमे देश में पर्यटन वाले रेल मार्गो पर यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त विस्टा डोम एलएचबी कोच को रेलगाड़ियों में लगाया जाएगा। अत्यधिक व्यस्त और अधिक प्रयोग किए जाने वाले रेलमार्गो पर यात्रियों को सुविधा प्रदान करने तथा रेल दुर्घटनाओं में न्यूनतम मानवीय हानि के लिए स्वदेश में विकसित रेल सुरक्षा प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा।

## बजटः वेस्टर्न और ईस्टर्न डीएफसी के जून २०२२ तक चालू होने की संभावना



पत्र.सू.का/नई दिल्ली। आम बजट २०२१-२२ में भारतीय रेलवे के लिए १,१०,०५५ करोड़ रुपये के रिकॉर्ड व्यय को प्रस्तावित किया गया है, जिसमें १,०७,१०० करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए हैं। रेलवे के पास इस वर्ष २,१५,०५८ करोड़ रुपये का अब तक सर्वाधिक योजनागत पूंजी व्यय है, जिसमें आम बजट में आवंटित किए गए आंतरिक स्रोत से ७,५०० करोड़ रुपये, अतिरिक्त बजट संबंधी संसाधनों से १,००,२५८ करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय आवंटन से १,०७,१०० करोड़ रुपये शामिल शामिल हैं। भारतीय रेलवे पूंजीगत व्यय में की गई इस वृद्धि के साथ संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था का चालक के तौर पर नेतृत्व करेगी। वार्षिक योजना २०२१-२२ में मुख्य रूप से बुनियादी ढांचागत विकास, क्षमता वृद्धि, टर्मिनल सुविधाओं के विकास, ट्रेनों की गति में वृद्धि, सिग्नल प्रणाली, यात्रियो/ उपयोगकर्ताओं संबंधी सुविधाओं में सुधार, अंडरपास/पुलों संबंधी सुरक्षा कार्यो सहित विभिन्न गतिविधियों पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही बजट में यह घोषणा की गई है कि वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) और ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के जून २०२२ तक शुरू होने की उम्मीद है।


# रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना

## वर्ष 2021

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) सभी भारतीयों के लिए हिंदी में रेल यात्रा वृत्तांत प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है, जिसमें निम्नानुसार राशि एवं प्रशस्ति–पत्र दिए जाने का प्रावधान है:–

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (एक) | 10,000/- रू |
| द्वितीय पुरस्कार (एक) | 8,000/- रू |
| तृतीय पुरस्कार (एक) | 6,000/- रू |
| प्रेरणा पुरस्कार (पांच) | 4,000/- रू प्रत्येक |



रेल यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा में होना चाहिए और कम से कम 3000 शब्दों का होना चाहिए। रेल यात्रा वृत्तांत डबल स्पेस में टाइप किया हुआ होना चाहिए, जिसके चारों तरफ कम से कम एक इंच का हाशिया छूटा हुआ होना चाहिए। पृष्ठ क्रमानुसार अंकित होने चाहिए। शब्दों की संख्या लिखी होनी चाहिए। वृत्तांत के प्रारंभ में कागज की एक पूरी शीट लगाई जाए जिस पर बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम आयु, कार्यालय/निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नं., ई–मेल, वृत्तांत के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए। रेल यात्रा वृत्तांत मौलिक हो तथा केन्द्र या राज्य सरकार की किसी योजना के अधीन पुरस्कृत न हो, इस आशय का प्रमाण–पत्र भी दिया जाए।

प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि 30-06-2021 तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नं. 536–डी, रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001 को भिजवा सकते हैं।

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान

306/21(R) North Central Railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRO NCR

# ६५वां,रेल सप्ताह समारोह में ६१ कर्मचारी हुए पुरस्कृत



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के संकेत एवं दूरसंचार विभाग द्वारा ६५ वाँ रेल सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में संकेत एवं दूरसंचार विभाग वर्ष २०१६-२० में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ६१ कर्मचारियों को प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर एस.के. सोलंकी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर एस.के. सोलंकी, मुख्य दूरसंचार इंजीनियर के.पी. आर्य, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर (योजना), जी.पी. खूंटे, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर(प्रोजेक्ट) ए.एन मैथ्यू, अपर मण्डल रेल प्रबंधक, श्याम सुन्दर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

समारोह को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर एस.के. सोलंकी के द्वारा सभी कर्मचारियों को उनके कुशल कार्य एवं कर्तव्य निष्ठा के लिए बधाई दी।

# कोरोना का टीका लगते खिला बुजुर्गो का चेहरा

रे.स.ब्यूरो./संवा। वाराणसी जिले के २४ केंद्रों पर शुक्रवार दिनांक ०५.०३.२०२१ को ३३६५ बुजुर्ग को कोरोना का टीका लगा। वहीं १८०६ लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगी। टीका लगने के बाद उत्साहित बुजुर्गो ने कहा कि अब वे सुरक्षित हैं। ४५४३ लोगों को टीका लगाने के लिए मैसेज भेजा गया था। उनमें देर शाम तक विभिन्न केंद्रों पर ३३६५ लोगों ने टीका लगवाया। यानी ७५ फीसदी टीकाकरण हुआ है। हालांकि पिछली बार की तुलना में संख्या घटी है। बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल के प्रभारी एमएस प्रो. जीएन श्रीवास्तव ने पहला डोज लगवाया। वहीं सीएमओ डॉ. वीबी सिंह ने पांडेपुर स्थित जिला अस्पताल का निरीक्षण कर टीका लगवाने आए लाभार्थियों को प्रोत्साहित भी किया।


# प्लेटफार्म पर वाई-फाई सुविधा को,अब करनी होगी जेब ढीली

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। रेलवे प्लेटफार्मो पर हाईस्पीड वाई-फाई की सुविधा के लिए यात्री को जेब ढीली करनी पड़ेगी। रेलवे ने ४,००० से अधिक स्टेशनों के लिए पेड वाई-फाई प्लान को लॉन्च किया है। सूत्रों के अनुसार रेलटेल के सीएमडी पुनीत चावला ने बताया कि स्टेशन पर हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुफ्त वाई-फाई की सुविधा एक एमबीपीएस स्पीड पर यात्रियों को दी जाती है,तो पेड वाई-फाई की सुविधा ३४ एमबीपीएस स्पीड की होगी। पोस्ट पेड प्लान के तहत पांच जीबी डाडा पैक के लिए १० रुपये शुल्क वसूला जाएगा। १० जीबी डाटा इस्तेमाल करने के लिए प्रतिदिन १५ रुपये देने होंगे। हालांकि यात्रियों को पहले से चल रहे आधा घंटा का मुफ्त वाई-फाई का लाभ मिलता रहेगा। आधे घंटे के बाद अगर आप पांच जीबी डाटा का इस्तेमाल करते है तो इसके लिए दस रुपये चुकाना होगा। बतादें कि रेलवे ७,६५० से अधिक स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई की सुविधा आधे घंटे के लिए दे रहा है। वहीं कोविड काल के पहले २.६ करोड़ लोग इस सुविधा का लाभ उठा चुके

# रेलवे ने बढ़ाए प्लेटफॉर्म टिकटों के दाम

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारतीय रेलवे ने प्लेटफॉर्म टिकट पांच मार्च से उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। इसके लिए यात्रियों को अब पहले से तीन से पांच गुना ज्यादा कीमत देकर प्लेटफॉर्म टिकट खरीदने होंगे। जो प्लेटफॉर्म टिकट १० रुपये में उपलब्ध था, उसे दिल्ली के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर ३० रुपये देकर खरीदना होगा। इसी तरह मुंबई में भी प्लेटफॉर्म टिकट के दाम बढ़ चुके हैं। यहां पर एक प्लेटफॉर्म टिकट के ५० रुपये देने होंगे।

# फेलो ऑफ टेक्सटाइल एसोसिएशन के रूप में पुरस्कृत हुए जे.के. श्रीवास्तव



साभारः जे.के.श्रीवास्तव बीएससी एमबीए को यू.के. की सोसायटी ऑफ डायर्स एंड कलरिस्ट के फैलो के रूप में प्रविष्ट किया गया है। स्पिन डाइंग तकनीक के माध्यम से संश्लेषित रेशों को रंगने में श्री श्रीवास्तव के योगदान और कार्य अनुभव के आधार पर सोसाइटी ने उन्हें अक्टूबर २०१६ में ''चार्टर्ड कलरिस्ट'' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। इस डाइंग तकनीक में मास्टर बैच नामक रंग-सांद्र को मेल्ट स्पिनिंग प्रक्रिया से पूर्व बहुलक के साथ मिलाया जाता है। इस प्रक्रिया में जल जैसा मूल्यवान संसाधन हटा दिया जाता है तथा उत्पाद की पर्यावरणीय धारणीयता बढ़ जाती है।

उक्त फेलोशिप दिए जाने से पहले मई २०१७ में श्री श्रीवास्तव को सोसायटी ऑफ डायर्स एंड कलरिस्ट का एन.ए.आर. आई.सी. यू.के द्वारा प्रमाणित ''एसोसियेट'' चुना गया. जो दा रायल चार्टर्ड सोसाइटी एंड कलरिस्ट यू.के. द्वारा दी जाने वाली कलर साइंस एंड टेक्नोलोजी में स्नातक आनर्स डिग्री के समकक्ष है।

वस्त्र व्यापार एवं उद्योग तथा वस्त्र शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए टैक्सटाइल्स एसोसिएशन भारत में मार्च २०१६ में उन्हें फैलो ऑफ टेक्सटाइल्स एसोसिएशन के रूप में पुरस्कृत किया गया। वे अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ टेक्सटाइल केमिस्ट एंड वेस्ट यूएसए के भी वरिष्ठ सदस्य हैं।

# स्मार्ट सिटी के तहत कराये जा रहे कार्यो को समय से करें पूर्ण-संजय गोयल



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। मण्डलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में शनिवार दिनांक १६.०३.२०२१ को मेला कार्यालय के आईसीसीसी सभागार में स्मार्ट सिटी के कार्यो की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नवनियुक्त मण्डलायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्मार्ट सिटी से सम्बंधित कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कराये जाने वाले कार्यो में जनउपयोगिता का विशेष ध्यान रखा जाये।

बैठक में स्मार्ट रोड़ के कार्यो की समीक्षा में बताया गया कि स्मार्ट रोड़ों में फुटपाथ, स्टील फर्नीचर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि अन्य स्मार्ट सिटी वाले शहरों से सम्पर्क कर वहां कराये जा रहे कार्यो के बारे में अनुभव प्राप्त करते हुए यहां के कार्यो में अनुभव का प्रयोग करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी, पीडीए के उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे।

# एचआरएमएस पोर्टल पर रेल कर्मियों के गलत डाटा भरने से बढ़ी मुशकिलें

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में रेलकर्मियों का पूरा विवरण एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड करने वाली एक निजी फर्म ने बहुत सारे गलत डाटा को अपलोड कर दिया है। जिससे करीब ५००० रेलकर्मियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इनके चलते रेलकर्मियों के ऑनलाइन पास बनवाने में दिक्कतें आ रही हैं। वही गलत ब्यौरा भरे होने के चलते रेलकर्मी वेतन, पेंशन, परिवार में सही जानकारी हासिल नहीं कर पा रहे हैं। गलत ब्यौरा को सही कराने के लिए जो प्रक्रिया है, वह भी काफी कठिन है। रेलकर्मियों के आवेदन को स्टेशन प्रबंधक वैरिफाई करेंगे उसके बाद उसे ऑनलाइन मंडल कार्यालय को भेजा जाएगा।

# जीवन में स्पष्ट लक्ष्य के साथ बढें आगे-राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज।राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय में आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करते हुये राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया एवं दीप प्रज्ज्वलन कर दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शुक्रवार दिनांक ०५.०३.२०२१ को राज्यपाल ने सुमंगलम सेवा न्यास चाड़ी नैनी प्रयागराज के बच्चों को ज्ञाववर्धक, चित्रकारी, कहानी की पुस्तके, रंग, फल, स्कूल बैग का वितरण किया, साथ ही दीक्षांत समारोह के शोभायात्र में शामिल बच्चों को भी फल व बैग का वितरण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होने कहा कि यह अत्यन्त हर्ष और सम्मान का विषय है कि गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम पर स्थित प्रयागराज में स्थित युगपुरूष प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) के नाम से स्थापित विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में आप सभी के बीच आकर मुझे अपार प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शिता एवं मानवीय सोच ने कोविड-१९ से पूरे देश को आपदा के संकटों से बाहर आने का रास्ता दिखाया।

इससे विश्व के विकसित देशों की तुलना में भारत को कम नुकसान उठाना पड़ा। इस अवसर पर मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री भारत सरकार डॉ० महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने कहा कि दीक्षांत समारोह मात्र एक औपचारिकता नहीं है, जिसमें उपाधियों को वितरण किया जाता है, मेरे विचार से यह समारोह किसी भी विश्वविद्यालय के कार्य तिथियों में अपना अन्यतम स्थान रखता है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश डॉ० दिनेश शर्मा ने अपने सम्बोधन में दीक्षांत समारोह में उपाधि पायें छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# राजधानी समेत अन्य शहरों में अयोध्या की तर्ज पर तैयार होगा सिटी डेवलपमेंट प्लान

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। प्रदेश की राजधानी समेत १४ अन्य शहरों के विकास के लिए 'सिटी डेवलपमेंट प्लान तैयार कराने का फैसला सरकार ने अयोध्या की तर्ज पर किया है। इस प्लान में धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले धरोहरों के साथ ही पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थानों के विकास पर खास तौर पर फोकस किया जाएगा।

सभी शहरों का प्लान तैयार करने के लिए आवास विभाग द्वारा जल्द ही कंसलटेंट का चयन किया जाएगा। बता दें कि 'सिटी डेवलपमेंट प्लान के लिए चयनित शहरों में कई ऐसे शहर हैं, जिनमें ऐसी बहुत सी इमारते या भवन हैं जिनका ऐतिहासिक महत्व हैं।

सरकार का मानना है कि इन शहरों का विकास कराने के साथ ही यहां स्थित धरोहरों के सौंदर्यी- करण आदि करा दिए जाने से जहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और लोगों को रोजगार मिलेंगे।

सूत्रों के अनुसार विभाग के एक उच्चाधिकारी के मुताबिक जल्द ही इन शहरों से संबंधित विकास प्राधिकरणों को प्लान तैयार कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों को किया गया प्रेरित

साभारः सूचना विभाग प्रयागराज । प्रदेश की महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिये प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद में माध्यमिक विद्यालयों द्वारा २७ फरवरी, २०२१ से ८ मार्च, २०२१ तक सम्पर्क कर बालिकाओ की शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डा. प्रभाकर त्रिपाठी ने बताया की इस अभियान के लिये डीआईओएस द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये थे।

# उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की १२वीं राज्य परिषद बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की १२वीं राज्य परिषद की वेबिनार बैठक वी के त्रिपाठी, संरक्षक एवं महाप्रबंधक उमरे की अध्यक्षता में दिनांक ०८.०३.२०२१ को सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा स्काउट प्रार्थना के साथ किया गया।

मण्डल तथा मुख्यालय के सभी स्काउट्स एवं गाइड के सदस्यों का महाप्रबंधक से परिचय से उपरांत राज्य मुख्य आयुक्त एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नवीन कुमार सिन्हा ने बैठक में महाप्रबंधक एवं अन्य सदस्यों का स्वागत किया तथा संगठन के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यो को रेखांकित किया।

अपर महाप्रबंधक रंजन यादव ने भी संस्था के कार्यो की सराहना की। बैठक को संबोधित करते हुए संरक्षक एवं महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने संस्था के सदस्यों द्वारा निस्वार्थ सेवाभाव से इस कठिन समय में किए गए कार्यो की सराहना की। बैठक के दौरान प्रस्तुत रिपोर्ट में मुख्यतः Covid-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रयागराज, झांसी एवं आगरा जिलों द्वारा वर्ष २०२०-२०२१ में किया गए सराहनीय कार्यो का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया।

# उत्तर मध्य रेलवे में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति को सम्मान देने के क्रम में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय एवं मंडल कार्यालयों सहित विभिन्न स्टेशनो पर दिनांक ०८.०३.२०२१ को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, उत्तर मध्य रेलवे मीना त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारी, वरिष्ठ महिला अधिकारी एवं महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महिला कल्यासण संगठन की सचिव उर्मिला ओझा एवं संगठन की अन्य सदस्य उपस्थित भी उपस्थित थी।

# रीवो द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज मुख्यालय के आरोही प्रेक्षागृह में दिनांक ०८ मार्च २०२१ को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन रीवो के तत्वाधान में किया गया। महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष महिला दिवस २०२१ की थीम "चूज टू चौलेंज" रखी गई है। इस अवसर पर रीवो अध्यक्षा रचना सिंह, और उनकी टीम द्वारा कोर में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों को उपहार प्रदान कर महिला दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं रीवो की सभी महिला पदाधिकारी भी उपस्थित रही।

## कोरोना के बावजूद कोर के बढ़ते कदम




साभार:कोर। भारतीय रेलवे दिसंबर २०२३ तक पूर्ण विद्युतीकरण के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। उसी को हासिल करने के लिए, केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज की अहमदाबाद परियोजना ने रेलवे विद्युतीकरण के तहत डबल स्टैक कंटेनर (डीएससी) चलाने के लिए अपनी तरह का पहला २५ किलो वोल्ट एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन फिट करके गुजरात के पहले बंदरगाह को जोड़ने में एक और उपलब्धि हासिल की है और यह हमारे देश के लिए गर्व की का विषय है। सावरकुंडला-पिपावाव का निरीक्षण २१ फरवरी २०२१ को किया गया, जिससे पालनपुर -सुरेन्द्रनगर -पिपावाव खंड से २५ केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन शुरू करने के लिए आसान होगा, जो पश्चिम रेलवे के पूर्ण विद्युतीकरण के लिए पश्चिम रेलवे में पहला कदम बढ़ाएगा।

रेलवे सुरक्षा के मुख्य आयुक्त (CCRS) द्वारा अनिवार्य और गहन सुरक्षा निरीक्षण के बाद फीडर OHE मार्ग फ्रेट ट्रैफिक के लिए खोला गया और निरीक्षणों के दौरान मानव और सिस्टम सुरक्षा के संबंध में उनके बहुमूल्य तकनीकी सुझावों का भी अनुपालन किया गया। ०३.०३.२१ को, ढोला से पिपावाव बंदरगाह के लिए पहली इलेक्ट्रिक गुड्स ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई। इस तरह विद्युत् ट्रेक्शन पर पालनपुर से पीपावाव पोर्ट के DFC रूट का आखरी माइल स्टोन परिपूर्ण किया गया।

यशपाल सिंह, महाप्रबन्धक केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज ने नई हाई राइज ओएचई की सबसे कठिन चुनौतियों के बावजूद इस ऐतिहासिक मील के पत्थर पर अपनी खुशी व्यक्त की है और समय पर निष्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता वाले काम के लिए रेलवे विद्युतीकरण अहमदाबाद इकाई की पूरी टीम की सराहना की है। इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन के साथ डबल स्टैक कंटेनर चलाने की सफलता पूरी दुनिया में यह पहली बार है, जो भारतीय रेलवे के एक नवीनतम ग्रीन इनिशिएटिव के रूप में ग्रीन इंडिया के महत्वाकांक्षी मिशन को भी बढ़ावा देगा। रेलवे विद्युतीकरण के जल्दी पूरा होने का लाभ पर्यावरण और वित्तीय –दृष्टिकोण से कई गुना है और डीजल लोकोमोटिव पर निर्भरता को कम करके कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगा। इससे प्रति ट्रेन लगभग ७५,०००-८०,००० रुपये की बचत होने की उम्मीद है, जिससे राजकोषीय घाटे पर वित्तीय दबाव कम हो जाएगा।

इससे पहले, ओएचई को भारतीय रेलवे की मौजूदा मांगों को पूरा करने के लिए पारंपरिक ओएचई के लिए ५.८ मीटर की ऊंचाई पर उपयुक्त रूप से डिजाइन किया गया था।

डीएससी मार्गो के विद्युतीकरण की सुविधा के लिए, उच्च वृद्धि के लिए नई ओएचई प्रणाली विकास में थी जो काफी चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि पूरी दुनिया में ओएचई ऊंचाई ७.५७ मीटर पर इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन चलाने के लिए ऐसा कोई डिजाइन उपलब्ध नहीं था। सफलतापूर्वक, आरडीएसओ द्वारा स्वदेशी हाई- राइज ओएचई डिजाइन की शुरुआत करना, जिसने हाई-राइज ओएचई का निर्माण करना वास्तव में संभव बना दिया और इसलिए हाई-राइज ओएचई का काम बहुत सटीक तरीके से किया गया।

## महिला दिवस : देश की बेटियों ने बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रयागराज मंडल के टूंडला से दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक गाड़ी संख्या ०२३१२ कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस का संचालन सोमवार दिनांक ०८.०३.२०२१ को महिलाओं द्वारा किया गया। ट्रेन में लोको पॉयलट, गार्ड, टिकट चेकिंग स्टाफ आदि के रूप में महिला रेलकर्मी ही रहीं। यहां तक कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी आरपीएफ की महिला विंग ही तैनात रही। वहीं सीआईटी विरांगनी श्रीवास्तव ने बताया कि उनके साथ महिला स्टाफ ने यात्री को बिना टिकट सफर करते पकड़ा। इस दौरान बेटियों ने ट्रेन को अधिकतम ११० किलो- मीटर की रफ्तार से दौड़ाया। टिकट चेकिंग स्टाफ ने भी बिना टिकट यात्रा करने वाले छह यात्रियों को पकड़ कर उनसे जुर्माना लिया।

## क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ६६वीं बैठक सम्पन्न




रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्व यन समिति की ६६वीं बैठक महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी की अध्यक्षता में महाप्रबंधक सभा कक्ष, महेन्द्रू घाट, पटना में दिनांक १५.०३.२०२१ को संपन्न हुई। अपने संबोधन उन्होंने निर्देश दिया कि ई-ऑफिस में हिंदी में टेम्प्लेपटनोट बनाया जाए ताकि इससे हम व्याकरण की गलतियों से बच सकें। इस अवसर पर प्रशासन विभाग को अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया। यह शील्डा नीतिन कुमार, उप महाप्रबंधक/ सामान्य, पूमरे/हाजीपुर ने प्राप्त किया। महाप्रबंधक ने कोविड-१६ से बचाव के लिए उसके दिशा-निर्देश को पालन करने- यथा-मास्का लगाने, दूरी बनाये रखने, सेनिटाइजर का प्रयोग करने पर बल देते हुए सभी सदस्यों का शपथ दिलायी। बैठक का शुभारंभ उप मुख्या राजभाषा अधिकारी गौतम गुप्ता के स्वा्गत संबोधन से हुआ। उन्होंने महाप्रबंधक सहित मुख्यक राजभाषा अधिकारी व सभी विभागाध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार आपसी सहयोग से ही हो सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों के बहुमूल्य सुझाव एवं महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में राजभाषा का प्रयोग-प्रसार अधिक बढ़ा है।

## प्रयागराज जंक्शन पर ५० रुपये का हुआ प्लेटफार्म टिकट

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड-१६ संक्रमण के खतरे को देखते हुए प्लेटफार्म पर भीड़ कम करने के लिए रेलवे प्रशासन ने प्लेटफार्म टिकट का मूल्य प्रयागराज जंक्शन, छिवकी समेत मंडल के सात स्टेशनों पर पांच गुना बढ़ा दिया है। अब टिकट ५० रुपये में मिलेगा। यह दर अस्थाई है जो ३० जून तक लागू रहेगा। अभी प्लेटफार्म टिकट का मूल्य १० रुपये था लेकिन त्यौहारों में स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने की संभावना है। इस पर नियंत्रण के लिए मंडल के स्टेशन पर प्लेटफार्म टिकट की कीमत ५० रुपये कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि टिकट के मूल्य में वृद्धि की पुरानी व्यवस्था है। मेला, त्यौहार आदि के दौरान भीड़ पर नियंत्रण के लिए इस तरह के निर्णय लिए जाते हैं तथा निर्धारित अवधि के बाद बढ़ोतरी वापस ले ली जाती है।

## भारतीय संस्कृति में हमेशा नारी का स्थान सर्वोच्च रहा-आशुतोष गंगल



रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में दिनांक १०.०३.२०२१ को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, आशुतोष गंगल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा, शिखा गंगल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमेशा ही नारी का स्थान सर्वोच्च रहा है। यह भी गर्व की विषय है कि भारतीय नारी ने अपनी प्रत्येक भूमिका में अपना सर्वोच्च योगदान दिया है।

महिलाओं के लिए प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को प्रशस्ती -पत्र व उपहारों से सम्मानित किया गया।

# अभिलाषा गुप्ता नंदी ने महिला शहरी पथ विक्रेताओं को किया ऋण वितरण



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। विशेष मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार दिनांक ०१.०३.२०२१ को सम्भागीय परिवहन कार्यालय प्रयागराज में स्कूली वाहनों में बच्चियों की सुरक्षा एवं सम्मान के दृष्टिगत स्कूल वाहन ऑपरेटर्स की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्कूली वाहनों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। बस ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया कि वे सभी चालकों को लाइसेंस एवं चरित्र सत्यापन अवश्य करायें। कार्यक्रम के तहत ही सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी एवं नगर आयुक्त रवि रंजन द्वारा महिला शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित किया गया। इसके साथ-साथ अन्य प्रकार के स्लोगनों के माध्यम से जागरूक किया गया।

# डामर वाली रोड या फुटपाथ पर न करें होलिका दहन



होली के मद्देनजर अपर जिला मजिस्ट्रेट(नगर) अशोक कुमार कनौजिया ने जनपद प्रयागराज के समस्त होलिका दहन समितियों एवं जनसामान्य से यह अपील की है कि सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति से बचाने हेतु होली के दृष्टिगत होलिका दहन किसी भी दशा में काली डामर वाली रोड या फुटपाथ पर न किये जाये। उन्होंने यह भी कहा है कि पूर्व से यदि कोई होलिका दहन हेतु कोई स्थल, काली डामर वाली रोड या फुटपाथ पर चिन्हित है, तो निकटस्थ किसी खुले स्थल का चयन कर लिया जाये।

फार्म-IV

घोषणा

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | प्रकाशन | - | प्रयागराज |
| २. | प्रकाशन की अवधि | - | पाक्षिण |
| ३. | मुद्रक का नाम | - | ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |
| | राष्ट्रीयता | | भारतीय |
| | पता | | ५०२ पंचशीला त्रिवेणी नगर, नेता नगर कीड़गंज, प्रयागराज |
| ४. | संपादक का नाम | - | ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |
| | राष्ट्रीयता | | भारतीय |
| | पता | | ५०२ पंचशीला त्रिवेणी नगर, नेता नगर कीड़गंज, प्रयागराज |
| ६. | उन व्यक्तियों के नाम व पते, जो समाचार पत्र की कुल पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के स्वामी हैं | - | ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |

मैं ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी विश्वास के अनुसार सही है।

ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
01.03.2021

# फरवरी में ही चरम पर गर्मी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। फरवरी में ही सूरज ने गर्मी को चार दशक के रिकार्ड स्तर पर पहुंचा दिया है। मौसम विज्ञानी प्रो. एचएन मिश्रा के मुताबिक तापक्रम का बढ़ना जारी रहेगा। वहीं जल्द ही बारिश और बूंदाबांदी के भी पूरे आसार हैं। दिन में असहनीय धूप ने पसीने से तरबतर कर दिया।

बीते दस वर्षो में तापमान एक बार ३४ डिग्री के पार गया पर ३५ के पार करीब ३६ साल बाद गुनगुनी ठंड के मौसम में अचानक बदला मौसम पसीने छुड़ा रहा है।

दिन में ही नहीं रात में तापमान १७ डिग्री के पार पहुंच गया है। फरवरी में गर्मी का करीब चार दशक का रिकार्ड टूटा तो नहीं पर लोग परेशान हो गए। रात के तापमान में उछाल से बिना पंखा चलाए नींद नहीं आ रही है। रविवार दिनांक २८.०२.२०२१ को अधिकतम तापमान ३४.८ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान १७.१ डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा।

# भगवान राम को पार उतारने वाले निषाद समाज के साथ है योगी सरकार-मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। कांग्रेस की सरकार द्वारा बनाए गए एनजीटी की वजह से निषाद समाज की रोजी रोटी का संकट खड़ा हुआ है।

लेकिन निषाद समाज न्याय दिलाने के लिए सबसे पहले एनजीटी के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुप्रीम कोर्ट में गए है। भगवान राम को प्रयागराज गंगापार कराने वाले निषाद राज एवं उनके समाज के लोगों के साथ योगी एवं मोदी सरकार खड़ी है।

उक्त बातें प्रदेश सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने शनिवार दिनांक २७ फरवरी को बसवार गांव में निषाद समाज को सम्बोधित करते हुए कहा।

इलाहाबाद की सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि हम सदैव गरीब निषाद समाज के साथ खड़े है और खड़े रहेंगे। घटना की जानकारी होते ही मैने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं यहां के स्थानीय अधिकारियों से वार्ता की और इस समस्या का निदान खोजने में लगी हुई हूँ। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, जितेन्द्र निषाद, बृजेश भारतीय,ओम प्रकाश निषाद, संदीप निषाद,विनोद निषाद सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया।

# यूपी मे बदले डीएम और चार कमिश्नर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। शासन ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए छह जिलों के डीएम व चार मंडलों के आयुक्त बदल दिए। सूत्रों के अनुसार राहत आयुक्त के पद पर तैनात संजय गोयल को प्रयागराज का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। प्रयागराज के मंडलायुक्त आर. रमेश कुमार को इसी पद पर बरेली भेजा गया है। रणवीर प्रसाद को बरेली के मंडलायुक्त पद से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री के सचिव सुरेंद्र सिंह को मेरठ का मंडलायुक्त बनाया गया है। अनीता सी. मेश्राम को मेरठ के कमिश्नर पद से हटाया गया है। इसके अलावा अपर आवास आयुक्त दीपा रंजन को बदायूं का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं मथुरा के नगर आयुक्त रविंदर मंदर रामपुर के नए जिलाधिकारी होंगे।

# केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में काव्य संध्या आयोजित




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केन्द्री य रेल विद्युतीकरण संगठन में महाप्रबंधक, यशपाल सिंह की अध्यक्षता में दिनांक ०३.०३.२०२१ को विभिन्न- कवियों की रचनाओं पर आधारित कार्यक्रम काव्य संध्या का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर सुरेश कुमार ने महाप्रबंधक सहित सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में आशुतोष, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, कौशल कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक वित्त सलाहकार, प्रदीप तिवारी, कार्यपालक सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, जया, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, रंजना,कार्यालय अधीक्षक एवं डॉ. ब्रजेश कुमार खरे,राजभाषा अधीक्षक ने कैलाश गौतम,सूर,कबीर,तुलसी, रहीम,अमीर खुसरो एवं मीरा की रचनाओं की संगीतमय प्रस्तुति की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि कविता किसी चीज की गहराई का एहसास कराती है। संवाद और संचार के माध्यम से एक-एक कड़ी जोड़कर पूरे भारत को एक करने में हिंदी का महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने राजभाषा विभाग को ऐसे सुरुचिपूर्ण आयोजन के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी के प्रयोग के प्रति अभिरुचि और राजभाषा का प्रयोग-प्रसार बढ़ेगा।

# जल्द शुरू होगा बंगलुरू में देश का पहला वातानुकूलित स्टेशन- पीयूष गोयल



रे.स.ब्यू./सूत्र.। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा की बंगलुरू में देश का पहला केंद्रीकृत वातानुकूलित रेलवे टर्मिनल जल्द काम करना शुरू कर देगा। यह जानकारी रेलमंत्री ने शनिवार दिनांक १३.०३.२०२१ को ट्वीट कर कहा। वहीं सूत्रों के अनुसार दक्षिण पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा की बैयापनहल्ली २०१५-१६ में मंजूर तीसरा कोच टर्मिनल है जिसका नामकरण भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया के नाम पर किया गया है। भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया के नाम पर बना देश का पहला एसी रेलवे टर्मिनल बेंगलुरू में जल्द काम करना शुरू कर देगा। बतादें की करीब ३१४ करोड़ रुपये की लागत से बने इस टर्मिनल को फरवरी के अंत तक खोला जाना था, लेकिन कुछ कारणों से इसमें विलंब हो गया। अधिकारी ने बताया कि टर्मिनल के शुरू होने से बंगलुरू से मुंबई और चेन्नई जैसे दूसरे महानगरों के लिए लंबी दूरी की ज्यादा ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा और बेंगलुरू को भी कर्नाटक के सभी जिलों से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस टर्मिनल से बंगलुरू और यशवंतपुर स्टेशनों पर भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी।

# कोविड-१६: केंद्र ने चेताया न बरतें लापरवाही

रे.स.ब्यू.। कोविड-१६ के सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी पर केंद्र सरकार ने चिंता प्रकट की है। देशवासियों को लापरवाही न बरतने की सलाह देते हुए कहा कि महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने बृहस्पतिवार दिनांक ११.०३.२०२१ को संवाददाता सम्मेलन में कोरोना वायरस की स्थिति को चिंताजनक बताया।

# In a huge achievement, Indian Railway surpasses last year cumulative freight loading way before the year end



Source: PIB/New Delhi: In spite of Covid challenges, on 11th March 2021, Indian Railways surpassed last year's total Cumulative freight loading.On 11th March 2021, Indian Railways' cumulative freight loading touched 1145.68 million tonnes which is higher than total cumulative loading of last year (1145.61 million tonnes). Freight figures continue to maintain the high momentum in terms of loading and speed in the month of March 2021 as well for Indian Railways.On a month to month basis, upto March 11, 2021, Indian Railways loading was 43.43 million tonnes, which is 10 % higher compared to last year' loading for the same period (39.33 million tonnes).

On day to day basis, on 11th March, 2021, the freight loading of Indian Railways was 4.07 million tonnes, which is 34% higher compare to last year's loading for the same date (3.03 million tonnes).

The average speed of Freight Trains in the month of March 2021 till 11th March was 45.49 kmph which is almost double compare to last year for the same period (23.29 kmph).It is worth mentioning that a number of concessions/ discounts are also being given in Indian Railways to make Railways Freight movement very attractive. Strong emergence of Business Development Units in Zones & Divisions, constant dialogue with the industry & logistics service providers, faster speed etc are adding to the robust growth of freight business for the Railways. It may be noted that COVID 19 has been used by Indian Railways as an opportunity to improve all-round efficiencies and performances.

Tolerance for other FAITHS imparts to us a truer
(MAHATMA GANDHI)

# झांसी मण्डल में पुरस्कृत हुए विद्युत विभाग के कर्मचारी



रे.स.ब्यूरो./संवा.झाँसी। मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर द्वारा झाँसी मंडल विद्युत कर्षण विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मंडल के विभिन्न कर्षण डिपो में कार्यरत गत माह के दौरान उत्कृष्ट सेवा प्रदान वाले कर्मचारी कल्याण सिंह, अमित कुमार, दौलत सिंह, रोहित कुमार, महेन्द्र सिंह मीना एवं ज्ञानी चन्द्र को पुरस्कृत किया गया। इन कर्मचारियों के द्वारा निष्ठापूर्वक सेवा प्रदानं किये जाने पर विभिन्न संभावित OHE फेलियर को रोका जा सका।

इस अवसर पर रजत कुमार सिंह वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण वितरण) झांसी भी उपस्थित रहे।

# फर्जी भुगतान के आरोप में रेलवे के अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज

रे.स.ब्यू./सूत्र. हुबली। सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक के हुबली शहर में सोमवार दिनांक ०१.०३.२०२१ को दक्षिण पश्चिम रेलवे के एक वरिष्ठ मंडल अभियंता समेत अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार रेलवे के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर सांठ-गांठ करके ठेकेदार को फर्जी भुगतान करने का आरोप है। सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारी ने अपने रिश्तेदारों एवं मित्रों के खातों में ठेकेदार द्वारा राशि भी प्राप्त की और इसके बदले में ठेकेदार को फर्जी भुगतान किया गया।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रधान संपादक
रेल समाचार ब्यूरो
पता- ८४३६, आर्य नगर पहाड़गंज नई दिल्ली-५५
मो. ६७६३६५६०४४

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

